61.	रुद्र नरसिंह मिश्रा	शिक्षा शास्त्र	प्रो. रविशंकर मेनोन्	18.02.2015
62.	राकेश दास	व्याकरण	प्रो. के.वि.आर.के.आचार्युलु	20.02.2015
63.	बी. रामेश बाबु	पुराणेतिहास	डा.परमिता पण्डा	14.10.2014
64.	शिव कुमारी काटुरी	व्याकरण	प्रो. एस.सत्यनारायण मूर्ति	13.03.2015
65.	संजीव कुमार डी.	द्वैत वेदान्त	प्रो. नरसिंहाचार्य पुरोहित	20.03.2015

इ-प्रकाशन

सन् 2014-15 में विद्यापीठ ने कई महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का प्रकाशन किया है, वे निम्न हैं -

	ग्रन्थ का नाम	लेखक / सम्पादक	प्रधान सम्पादक
1.	द एपोक आफ विवेकानंद इन मार्डन इंडिया	डॉ. राणी सदाशिव मूर्ति	प्रो. एच.के. शतपथी
2.	संस्कृत शिक्षा	प्रो. सत्यनारायण आचार्य	प्रो. एच.के. शतपथी
3.	विदग्ध विलास	पं. श्री रघुनाथ त्रिपाठी	प्रो. एच.के. शतपथी
4.	स्तोत्रमाला	पं. मोहननायक	प्रो. एच.के. शतपथी
5.	नरेटिव लिटरेचर्स इन इंग्लीश और संस्कृत	डॉ. आर. दीप्ता	प्रो. एच.के. शतपथी
6.	श्री सत्यविजय महाकाव्यम्	पुल्या उमामहेश्वर शास्त्री	प्रो. एच.के. शतपथी
7.	महस्विनी (वाल्युम. 8)	डॉ. के. सूर्यनारायणा	प्रो. एच.के. शतपथी
8.	विश्वायनम	प्रो. हरेकृष्ण शतपथी	प्रो. एच.के. शतपथी

शेमुषी - विद्यापीठ वार्ता पत्रिका

विद्यापीठ में मासिक रूप में शेमुषी नामक से पत्रिका निकाला जाता हैं। इस वार्ता पत्रिका में विद्यापीठ के समस्त समाचारों को प्रकाशित किया जाता है और उसे भारत के समस्त विश्वविद्यालय एवं गण्यमान्य व्यक्तियों तक पहुंचाया जाता है। साहित्य विभाग के सह-आचार्य डा. के. राजगोपालन् इस शेमुषी के संपादक है।

विभागीय पत्रिकायों

1. शिक्षा विभाग - शिक्षालोक
2. साहित्य विभाग - रसधुनी

ई. प्रशिक्षण

अ. उपचारात्मक अनुशिक्षण केंद्र -

उद्देश्य - विद्यापीठ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वित्तीय सहायता के साथ अनुसूचित जातियाँ, अनुसूचित जनजातियाँ और अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए उपचारात्मक अनुशिक्षण केंद्र शैक्षणिक वर्ष 2007-2008 से आरंभ किया गया था। ये अनुशिक्षण केंद्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक श्रेणियों के लिए शिक्षण कक्षाओं का आयोजन करता है। अन्यश्रेणियों तथा जिसे शिक्षण की जरूरत होती है उन्हें भी कक्षाओं में भाग लेने की अनुमती दी जाती है। शैक्षणिक वर्ष 2014-15 के लिए अनुशिक्षण कक्षाएँ -

उपचारात्मक कोचिंग कक्षाओं को सितंबर 2014 को शुरू किया और मार्च 2015 को बंद कर दिया। कक्षाओं को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। वर्ष 2014-15 में उपचारात्मक अनुशिक्षण केंद्र द्वारा पाठ्यक्रम की पूर्ती - उपचारात्मक अनुशिक्षण केंद्र द्वारा सभी शास्त्रों - (1) आचार्य प्रथम वर्ष (2) आचार्य द्वितीय वर्ष (3) शास्त्री प्रथम वर्ष (4) शास्त्री द्वितीय वर्ष (5) शास्त्री तृतीय वर्ष (6) प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष (7) प्राक् शास्त्री द्वितीय वर्ष और (8) शिक्षा शास्त्री (बी.एड) के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्याक श्रेणियों के छात्रों के लिए कक्षाएँ आयोजित किया गया। 569 छात्रों ने इस शिक्षा से लाभान्वित हुए। 49 शिक्षकों को.शिक्षण हेतु नियुक्त किया गया। उपचारात्मक अनुशिक्षण केंद्र ने पढने की सामग्री दिया तथा समय समय पर परिक्षाएँ रखते थे।

आ. 25 संस्कृत प्रशिक्षण शिबिर :-

संस्कृत अध्ययन के बिना व्यक्ति एक सच्चा भारतीय या एक सच्चा विद्वान नहीं बन सकता। (महात्मा गाँधी)

माँ सरल संस्कृत उपयोग के महत्व पर जोर देती है। संस्कृत के ज्ञान के बिना सच्चा भारतीय बन नहीं सकता। ''जैसे फ्रांस में जन्मा बच्चा फ्रेंच जानता है उसी प्रकार भारत में पैदा हुआ हर बच्चे को संस्कृत का ज्ञान होना चाहिए (माँ. 11.11.1967)

संस्कृत इस देश की आम जनता की रोजमर्रा की जीवन से दूर जला गया। हिंदू संस्कृति उसका विशिष्ट स्थान है। - सर मिर्जा इस्माइल।

राष्ट्रीय एकता की भावना को जगाने और संस्कृत के माध्यम से छात्रों की बीच मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए 25 संस्कृत प्रशिक्षण शिबिरों को सफलतापूर्वक विद्यापीठ द्वारा आयोजित किया गया। प्रो. हरेकृष्ण शतपथी, कुलपति ने प्रशिक्षण शिबिरों का उद्घाटन किया। प्रो. प्रह्लाद आर. जोशी संयोजक, प्रो. सत्यनारायण आचार्य सह समन्वयक और प्रो. जी.एस.आर. कृष्णमूर्ति, डॉ. राणी सदाशिव मूर्ति निरीक्षक थे। 25 संस्कृत प्रशिक्षण शिबिर आयोजन किया और प्रत्येक शिबिर एक महान संस्कृत संत के नाम से नामित किया गया था।

इ. नए छात्रों के लिए प्रेरणा कार्यक्रम (कैरियर काउंसिलिंग सेल के तहत आयोजित)

विद्यापीठ का कैरियर काउंसिलिंग सेल छात्रों में संस्कृत बोलने की क्षमता को बढ़ावा देने, प्रतिस्पर्धी परीक्षण कठोरता को चुनौती देने संचार की क्षमता के विकास में छात्रों के समर्थन के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। यह भी छात्रों के भीतर छिपे विभिन्न विषयों के सामाजिक मूल्यों का प्रशिक्षण है।

प्रो. हरेकृष्ण शतपथी, माननीय कुलपति सीसीसी के तहत आयोजित 23.6.2014 को नए छात्रों के लिए प्रेरणा कार्यक्रम का उद्घाटन किया । प्रो. राधाकांत ठाकुर, शैक्षिक संकाय प्रमुख, प्रो. जी.एस.आर. कृष्णमूर्ति, साहित्य विभाग के अध्यक्ष और शैक्षिक समन्वयक कार्यक्रम में भाग लेकर छात्रों को अपना संदेश दिया था । डॉ. विद्याधर हरिचंदन संस्कृत सीखने में छात्रों को मार्गदर्शन दिया था । प्रो. सत्यनारायण आचार्य, समन्वयक, कैरियर काउंसिलिंग सेल द्वारा ''भारत में मौजूद संस्कृत शिक्षा प्रणाली'' के बारे में विस्तार व्याख्यान दिया था । कार्यक्रम के अंतर्गत हिडिंबा भीमसेन - एक संस्कृत टेलीफिल्म डॉ. राणी सदाशिव मूर्ति द्वारा निर्देशित किया गया जो छात्रों को खूब मनोरंजित किया था ।

ई. भारतीय प्रशासनिक सेवा के अध्ययन केंद्र :-

विद्यापीठ के छात्रों के लिए आई.ए.एस. कोचिंग का एक विशेष केंद्र विद्यापीठ ने आरंभ किया था । डॉ. अरविंदराव, पुलिस के पूर्व महानिदेश, भारत सरकार ने उद्घाटन करते हुए कहा कि आंध्रप्रदेश के आई.ए.एस. अधिकारियों में केंद्र सरकार, राज्यों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में महत्वपूर्ण और रणनीतिक पदों पर हैं । उन्होंने विद्यापीठ के सभी संस्कृत छात्रों को आई.ए.एस. परीक्षा की तैयारी की सभी देखभाल का सुझाव दिया । उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा के उम्मिदवारों को अपनी शुभकामनाएँ व्यक्त की । प्रो. हरेकृष्ण शतपथी, कुलपति ने समारोह की अध्यक्षता की । प्रो. सी. उमाशंकर, कुलसचिव ने स्वागत भाषण दिया एवं समारोह का संचालन किया था । प्रो. आर.के. ठाकुर धन्यवाद ज्ञापित किया । प्रो. नागसाई, पूर्व प्रधनाचार्य, एस.वी. आर्टस् कॉलेज, टी.टी.डी. आई.ए.एस. अध्ययन केंद्र के अतिथि प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किए गए । डॉ. वी. रमेश बाबू केंद्र के समन्वयक हैं ।

उ. अंग्रेजी विभाग - क्रैशकोर्स :-

दिनांक 24-26 अप्रैल, 2014 को अंग्रेजी विभाग ने तीन दिन की कार्यशाला का आयोजन क्रैश सामग्री तैयारी करने के लिए किया गया । प्रो. केशवराव, अंग्रेजी विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रो. हरि पद्मारानी, अंग्रेजी के प्रोफेसर, एस.पी. महिला विश्वविद्यालय, तिरुपति और प्रो. वाई.एस. शारदा, अंग्रेजी प्रोफेसर, एसपी. महिला विश्वविद्यालय, तिरुपति से विशेषज्ञ आए थे । विभाग के संकाय सदस्य प्रो. वी. सुजाता और डॉ. आर. दीप्ता के साथ प्रो. जी.एस.आर. कृष्णमूर्ति एवं डॉ. आर. सदाशिव मूर्ति, साहित्य विभाग तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे ।

दिनांक 16 और 17 जून 2014 को क्रैश कोर्स के लिए सामग्री तैयार की दोदिन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी । प्रो. केशव राव, प्रो. हरिपद्मारानी और प्रो. वाई. एस. शारदा समीक्षा बैठक में भाग लेकर क्रैश कोर्स की सामग्री पर बहूमूल्य सुझाव दिए थे ।

दस दिवसीय अंग्रेजी प्राथमिक शिक्षा पाठ्यक्रम दिनांक 4 अगस्त 2014 को आयोजित किया गया जिन में शास्त्री द्वितीय वर्ष से, शास्त्री तृतीय वर्ष से और आचार्य प्रथम वर्ष से 50 छात्रों को छुनकर उन्हें अंग्रेजी के चार कौशलों का शिक्षण दिया गया । कॉलेज के घंटों के बाद 5.30 बजे से 7.30 बजे कक्षाएँ आयोजित की गई थी । विभाग के संकाय सदस्य प्रो. वी. सुजाता और डॉ. आर. दीप्ता विभाग के अन्य तीन अतिथि शिक्षकों की सक्रिय मदद से पाठ्यक्रम में कक्षाएँ लिया था ।

दस दिवसीय प्रथमिक क्रैश कोर्स किए गए - संस्कृत छात्रों के लिए दिनांक 9 फरवरी 2015 से अंग्रेजी में अड्वान्स लर्निंग कोर्स का आयोजन किया गया । यह पाठ्यक्रम पहले से भी उच्च स्तरीय है और भाषण एवं लेखन कौशलों के साथ व्याकरण पर केंद्रित किया गया था । संस्कृत शिक्षकों के लिए तीसरा क्रैश कोर्स शीर्षक से सामग्री की तैयारी प्रगति पर है ।

उ. संगोष्ठियाँ/सम्मेलन/कार्यशालाएँ

अ. शोध पद्धति पर दो दिवसीय कार्यशाला :

दिनांक 26-27 जुलाई, 2014 को साहित्य विभाग ने विद्यापीठ के छात्रों के लिए शोध पद्धति पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया था । कुलपति प्रो. हरेकृष्ण शतपथीजी ने कार्यशाला का उद्घाटन किया । श्री वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं साहित्य और संस्कृति के संकाय प्रमुख प्रो. सन्निधानं सुदर्शन शर्मा जी ने उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की । साहित्यविभागाध्यक्ष प्रो. जी.एस.आर. कृष्णमूर्ति जी कार्यशाला के लक्ष्य एवं उद्देश्यों का उल्लेख किया । डॉ. राणी सदाशिव मूर्ति और डॉ. भरत भूषण रथ समन्वयक थे । प्रो. सीएच.पी. सत्यनारायण, डॉ. विरूपाक्ष वी. जड्डीपाल, प्रो. सी. ललिताराणी, प्रो. सत्यनारायण आचार्य, डॉ. राणी सदाशिव मूर्ति, डॉ. सी. रंगनाथन, डॉ. के. राजगोपालन, डॉ. भरतभूषण रथ कार्यशाला के विशेषज्ञ थे ।

आ. तिरुक्कुरल के संदेश पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

राष्ट्रीय संस्कृत विद्यीपठ, तिरुपति में श्री तिरुवल्लुवर के जीवन और कार्यों के आधार पर तिरुक्कुरल का संदेश, तिरुवल्लुवर की पवित्र सोच को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रतिष्ठित रूप से एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया था। मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नईदिल्ली द्वारा 30 जनवरी 2015 दिनांकित पत्र संख्या के निर्देशानुसार विद्यापीठ के सक्रिय साहित्यिक परिषदों से एक वाग्वर्धिनी परिषद को कार्यक्रम का संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई । वाग्वर्धिनी परिषद ने एक सहज तरीके से कार्यक्रम का आयोजन किए थे । पूरे भारत से 17 (सत्रह) प्रतिभागियों ने संगोष्ठी में भाग लेकर तिरुक्कुरल पर अपने बहुमूल्य प्रपत्र समर्पित किया था । विभिन्न संकाय सदस्यों, शिक्षकेतर कर्मचारी और राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के छात्रों ने भी सक्रिय रूप से संगोष्ठी में भाग लिया ।

कार्यक्रम का आरंभ राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के पद्मश्री रमारंजन मुखर्जी सभा भवन में दिनांक 7 मार्च, 2015 को 10 बजे किया गया था । श्री वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.ई. देवनाथन संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन किया था । प्रो. देवनाथन ने धर्म के पथ प्रदर्शक महान संत तिरुवल्लुवर पर सराहनीय कार्य करने वाले तिरुक्कुरल का उल्लेख किया । उन्होंने तिरुक्कुरल के कुछ पद सुनाकर उन पदों में छिपे भावार्थ को समझाया । महामहोपाध्याया पी.आर. रंगराजन इस संगोष्ठी के सारस्वत अतिथि एवं प्रतिष्ठित वक्ता थे । प्रो. राधाकांत ठाकुर, शैक्षिक संकाय प्रमुख सम्माननीय अतिथि थे ।

राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के माननीय कुलपति प्रो. हरेकृष्ण शतपथी, राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह के अध्यक्ष थे । उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में तिरुक्कुरल के पद को कृपापूर्वक जनता को प्राप्त पद के रूप में उल्लेख किया तथा ग्रंथ को सभी प्राचीन शास्त्रों और आधुनिक विषयों का सार कहा ।

डॉ. सी. रंगनाथन, संगोष्ठी के समन्वयक समारोह का संचालन किया था और डॉ. भरत भूषण रथ, सह समन्वयक धन्यवाद समर्पण किया था ।

इ. सुशासन दिवस पर द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी :-

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, भारत के पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस को एक प्रतिष्ठित ढ़ंग से आयोजन किया । कुलपति प्रो. हरेकृष्ण शतपथी ने एक सहज तरीके से कार्यक्रम का संचालन करने के लिए वाग्वर्धिनी परिषद को सौंपा । वाग्वर्धिनी परिषद विद्यापीठ की सबसे प्रतिष्ठित और सक्रिय शैक्षिक परिषद है । वाग्वर्धिनी परिषद के समन्वयक डॉ. सी. रंगनाथन और सहसमन्वयक डॉ. भरतभूषण रथ ने सफलतापूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया था । इस संदर्भ में परिषद ने दिनांक 20 दिसंबर 2014 को विद्यापीठ के छात्रों के लिए वक्तृत्व प्रतियोगिता का आयोजन किया था । सर्वश्रेष्ठ तीन विजेताओं को पुरस्कार दिया गया यानी प्रथम पुरस्कार रु. 15000/- द्वितीय पुरस्कार रु. 10,000/- तथा तृतीय पुरस्कार रु. 5,000/- इसी क्रम में परिषद ने सुशासन दिवस के उपलक्ष्.य में दिनांक 23-24, दिसंबर 2014 को द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया था । समाज में सुशासन बनाये रखने के प्रति प्रकटित सबसे अच्छे तीन प्रपत्र प्रस्तुतकर्ताओं के नवीन विचारों के प्रत्येक प्रपत्र को पांच हजार रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया । कार्यक्रम सुसंपन्न हुई थी । भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस समारोह दिनांक 23-24 दिसंबर 2014 को विद्यीपीठ ने ''सुशासन दिवस'' के रूप में चिह्नित करते हुए ''सुशासन को बढ़ावा देने में नवाचार एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग'' पर द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया था । दिनांक 23 दिसंबर 2014 को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया था । दिनांक 23 दिसंबर 2014 को राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के आंतरिक स्टेडियम में आरंभ किया था । श्री वाजपेयी जी के शुभचिंतक, डॉ. अगराल ईश्वर रेड्डी, आंध्रप्रदेश के विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष, संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन किया था, डॉ. रेड्डीजी ने भारत के प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ अपने विशेष क्षणों पर प्रकाश डाला । सुशासन के लिए उन्होंने कुछ नुस्के दिए थे । प्रो. हरेकृष्ण शतपथी, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के माननीय कुलपति ने उद्घाटन समारोह के अध्यक्ष थे । उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचीन सुशासन प्रणाली वर्तमान समाज को किस प्रकार मार्गदर्शन देता है उसका उल्लेख किया । प्रो. राधाकांत ठाकुर, शैक्षिक संकाय प्रमुख और प्रो. सी. उमाशंकर विद्यापीठ के कुलसचिव समारोह के अतिथि थे । डॉ. सी. रंगनाथन संगोष्ठी के समन्वयक ने संचालन किया तथा डॉ. भरत भूषण रथ सहसमन्वयक ने धन्यवाद समर्पण किया था । इस विशेष अवसर पर वाग्वर्धिनी परिषद ने अतिथियों द्वारा वाग्वर्धिनी पत्रिका का लोकार्पण किया । सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्रछात्राओं ने उद्घाटन समारोह में सक्रिय रूप से भाग लिए थे ।

समापन समारोह :-

दिनांक 24 दिसंबर 2014 को सुशासन दिवस के समापन समारोह को रमारंजन मुखर्जी सभा भवन में आयोजित किया गया । महामहोपाध्याय समुद्राल लक्ष्मणय्या समारोह के मुख्य अतिथि थे । अपने भाषण में उन्होंने सुशासन का मार्गदर्शन दिया । विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. हरेकृष्णशतपथी अपने अद्भुत संदेश द्वारा सभाभवन में उपस्थित दर्शकों को प्रोत्साहित किया । मानवता को अपनाकर हम समाज के हर कोने में सुशासन को कैसे स्थापित कर सकते हैं, भाषण का मुख्य सार था । कुलपति ने समाज को लाभान्वित करने के लिए संगोष्ठी के सभी प्रपत्र को विशेष मात्रा में प्रकाशित करने के लिए घोषित किया । अतिथियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्रों से पुरस्कृत किया गया । सभी प्रपत्र प्रस्तुतकर्ताओं को रु.1000/- दिया गया था । प्रत्येक विशिष्ट प्रपत्र

को रु. 5000/- दिया गया । अतिथियों के सम्मान के बाद संगोष्ठी के समन्वयक डॉ. सी. रंगनाथन ने धन्यवाद समर्पण किया तथा डॉ. भरतभूषण रथ, सहसमन्वयक ने संचालन किया था ।

ई. मातृभाषा दिवस - २०१५

मातृभाषा एवं राष्ट्रीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 21 फरवरी 2015 को राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति द्वारा बहुत ही प्रतिष्ठित रूप से मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर विविध भाषाओं में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था । मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली, 30 जनवरी 2015 दिनांकित पत्रसंख्या के अनुसार विद्यापीठ के सक्रिय साहित्यिक परिषदों में से एक माने जानेवाले वाग्वर्धिनी परिषद को इस कार्यक्रम संचालन का भार सौंपा गया । समन्वय डॉ. सी. रंगनाथ तथा सह समन्वयक डॉ. भरतभूषण रथ समारोह को बहुत ही सहजतरीके से आयोजन किया था । परिषद ने उनके अपने मातृभाषा में विद्यापीठ के सभी छात्रों के लिए केवल प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया था । वे चार प्रतियोगिताएँ हैं - निबंध, भाषण, क्विज़, सामूहिकगीत । 178 (एक सौ अठहत्तर) छात्र अर्थात प्राकशास्त्री (इंटरमीडियट) स्तर से विद्यावारिधी (पीएच.डी.) स्तर तक अपने अपने मातृभाषा में आयोजित प्रतियोगिताओं भाग लिए । प्रतिभागियों द्वरा कुल ग्यारह भाषाओं का उपयोग किया गया था । वे -

(1) बंगाली (2) हिंदी (3) कन्नड (4) मराठी (5) मलयालम (6) मैथिली (7) उडिया (8) ओलचिकी (9) संस्कृत (10) तमिल और तेलुगु ।

मातृभाषा दिवस समारोह -

पद्मश्री रमारंजन मुखर्जी सभाभवन में सुबह 10बजे को मातृभाषा दिवस का शुभारंभ हुआ था । प्रो. पी.वी. अरुणाचलम, द्रविड विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, प्रख्यात भाषा विशेषज्ञ समारोह के मुख्य अतिथि थे । वैदिक काल से अब तक भारतीय भाषाओं के इतिहास को उन्होंने बहुत ही प्रभावी ढंग से बताया । प्रो. सर्वोत्तम राव, श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, तेलुगु विभाग के पूर्व आचार्य एवं प्रमुख भाषाविद समारोह के विशिष्ट अतिथि थे । उन्होंने मातृभाषा एवं मातृभूमि के कुछ मधुर कविताओं को सस्वर वाचन द्वारा समझाया । प्रो. राधाकांत ठाकुर, शैक्षिक संकाय प्रमुख ने कहा कि - मातृभाषा हमारे भीतर छिपे बुरे सोच को शुद्ध कर देता है । समारोह में राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के माननीय कुलपति प्रो. हरेकृष्ण शतपथी ने मातृभाषा के महत्वपूर्ण मूल्यों पर प्रकाश डाला । उन्हेंने यह भी कहा कि विद्यापीठ पहले से ही वाग्वर्धिनी परिषद, तुलसीदास हिंदी परिषद और अन्नमय्य साहित्य कला परिषद जैसे विभिन्न मातृभाषा परिषदों को बढ़ावा देने के बारे में बताया ।

डॉ. सी. रंगनाथन, समन्वयक परिचयात्मक भाषण दिया तथा समारोह का संचालन किया । डॉ. भरतभूषण रथ सहसमन्वयक धन्यवाद समर्पित किया ।

उ. संस्कृत काव्य में तकनीकी शब्दों के विश्वकोश'' पर साहित्य विभाग सॉप, द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी -

सलाहकार समिति के संकल्प के अनुसार ''संस्कृत काव्य में तकनीकी शब्दों के विश्वकोश'' दो दिन की राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया । दिनांक 3-4 मार्च 2015 को भारत के समय से तकनीकी शब्दों की परियोजना को विद्यापीठ के परिसर में आयोजित किया गया था । प्रो. हरेकृष्ण शतपथी, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के

कुलपति, मुख्यअतिथि थे । उन्हेंने साप, डी.आर.एस.-2 को पाँच साल के लिए यूजीसी द्वारा साहित्यविभाग को मंजूर किया गया प्रतिष्ठित परियोजना कहा तथा उन्हेंने साहित्य विभाग के विद्वानों को साप डीआरएस-2 के तेजी से प्रगति के लिए शोध कार्य करने के लिए कहा । प्रो. सूर्यमणिरथ आर.एस.संस्थान, पुरी परिसर, प्रो. पी. वरप्रसाद मूर्ति, संस्कृत विभाग, आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय, गुंटुर, आंध्रप्रदेश, डॉ. डी. रामकृष्ण, संस्कृत के सह आचार्य, मारिस स्टेल्ला कॉलेज, विजयवाडा, प्रो. शारदा सामन्तराय, श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, पुरी, प्रो. पद्मनाभम्, श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, तिरुपति संगोष्ठी में उपस्थित थे । प्रो. जी श्रीनिवासु, कांचीपुरम के श्री चन्द्रशेखरेन्द्रसरस्वती महाविद्यालय के कुलसचिव समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे । प्रो. सुदर्शन शर्मा, साहित्य और संस्कृति के संकाय प्रमुख ने विद्वानों का स्वागत किया । तथा प्रो. जी.एस.आर. कृष्णमूर्ति, साहित्यविभागाध्यक्ष संगोष्ठी के संचालक थे । प्रो. सी. ललिताराणी, सॉप के समन्वयक ने संगोष्ठी के मुख्य लक्ष्य एवं उद्देश्यों का उल्लेख किया । डॉ. सी. रंगनाथन एवं प्रो. सत्यनारायणाचार्य ने संचालन किया था । डॉ. के. राजगोपालन, साप के उप समन्वयक ने वंदनार्पण किया था । संगोष्ठी को संपन्न करने के लिए साहित्य विभाग के संकाय सदस्य तथा प्रोजेक्ट फेलोस् ने सारे इंतजाम बखूबी ढंग से किया था ।

ऊ. ''भास्कराचार्य के जीवन एवं कार्य'' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी :-

''भास्कराचार्य : जीवन एवं कार्य'' पर दिनांक 8-12 दिसंबर 2014 को गणित विभाग, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला । डीएसटी - एसई आर बी (गणितीय विज्ञान) भारत सरकार, नईदिल्ली द्वारा प्रायोजित -

पहले दिन :- दिनांक 8 दिसंबर 2014

प्राचीन भारतीय गणित पर पाँच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सुबह 10 बजे वैदिक प्रार्थना के साथ आरंभ हुआ था । राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के कुलपति प्रो. हरेकृष्ण शतपथी जी ने सत्र का उद्घाटन किया । अधयक्ष ने प्राचीन भारतीय विद्वानों के वैज्ञानिक योगदान की जानकारी का उल्लेख किया । उन्होंने भास्कराचार्य के स्तुति करते हुए श्लोकों की रचना कर गेय रूप प्रस्तुत किया । प्रो. एस.जी. डानी, विशिष्ट अतिथि, टी.अई.एफ.आर-आइ.आइ.टी. मुंबई, कार्यकारी सदस्य, गणित इतिहास के अंतराष्ट्रीय बॉडी ने भास्कराचार्य के गणित को भारतीय गणितज्ञों के इतिहास के प्रमुख व्यक्ति के रूप में उल्लेख किया । प्राचीन गणित अपनी गुणवत्ता तथा ज्ञान को भावी पीढी को पहुँचाने के वजह से भारतीय गणित कई शताब्दियों तक जीवित हैं । मुख्य अतिथि प्रो. कन्नन, पूर्वकुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय, हैदराबाद ने भास्कराचार्य पर विशेष रूप से इस अवसर पर श्लोकों की रचनाकर उनको सुनाया । उन्होंने गणित और खगोल विज्ञान में भास्कराचार्य के योगदान के बारे विदेशी गणितज्ञों के विचारों को व्यक्त किया । द्रविडियन विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, प्रो. पी.वी. अरुणाचलम 'भास्कराचार्य के योगदान' पर संक्षिप्त भाष ण दिया । उद्घाटन सत्र के दौरान, श्री सिंगमपल्ली सत्यनारायण ने भास्कराचार्य का रंगीन चित्र बनाया और विशिष्ट अतिथियों ने उस चित्रपट को माल्यार्पण किया था ।

उद्घाटन सत्र के तुरंत बाद प्रो. डानी ने भास्कराचार्य के कार्यों पर पूर्व व्याख्यान दिया था । उन्होंने महेश्वर के गणितीय तथा खगोलीय कार्य का उल्लेख किया ।

दोपहर के सत्र में प्रो. वी. कन्नन ने 'विदेशी आचार्यां के दृष्टि में भास्कराचार्य' का प्रशंसा करते हुए एक

विस्तृत भाषण दिया । इस शताब्दी समारोह में श्री सिंगम्पल्ली सत्यनारायण ने तत्काल ही बहुत ही दिलचस्प चित्रों को खींच कर प्रदर्शित किया ।

दूसरे दिन :- दिनांक 9 दिसंबर 2014

शाम के सत्र में प्रो. बालचंद्रराव ने ''भास्कराचार्य के करण कुतुहल कार्य के महत्व'' पर व्याख्यान दिया । दूसरा व्याख्यान भास्कराचार्य की खगोलीय उपकरणों का अवलोकन श्री पी.पी.एस. हरिप्रसाद द्वारा दिया गया ।

डॉ. पद्मजा वेणुगोपाल ''भास्कराचार्य के करण कुतुहला में ग्रहण'' पर भाषण दिया । सुश्री शैलजा द्वारा ''कुछ चमकीले सितारों की अवधि पर प्रच्छादन'' पर भाषण दिया गया । सुश्री वनजा द्वारा भास्करा के करण कुतुहल के ग्रहयुति, सुश्री रूपा द्वारा ''भास्करा के कार्य में प्रतिगामी गति की घटना और ग्रहों की दृश्यता'' पर भाषण दिया गया ।

दूसरे दिन का अंतिम व्याख्यान अश्वथनारायण द्वारा ''एक सही त्रिकोण का नया दृष्टिकोण'' - विषय पर दिया गया ।

तीसरे दिन :- दिनांक 10 दिसंबर 2014 (बुधवार)

''लीलावती की पेडगोगिकल निहितार्थ'' - विषय प्रो. सुधाकर अगरकर के व्याख्यान द्वारा सत्र का आरंभ हुआ था ।

उन्होंने तीन घंटों के दौरान उच्च तकनीकी उपकरणों के प्रयोग करते हुए समस्या समाधान का आयोजन किया। दोपहर के सत्र में ई.आर.वेणुगोपाल हेरूर ने ''बह्मगुप्ता तीरम्स में भास्कराचार्य का कठोरविश्लेषण'' पर भाषण दिया ।

प्रो. बी. पानिक्कर ''ब्रह्मगुप्ता और भास्कर के समीकरणों को हल करने के चक्रवाला विधि'' पर भाषण दिया।

प्रो. गुरुप्रसाद द्वारा भास्कराचार्य के बीजगणित पर भाषण दिया गया ।

चौथे दिन :- दिनांक 11 दिसंबर 2014 (गुरुवार)

दिन के पहले व्याख्यान के दौरान 1114 से 2014 ई तक की गणितीय लेखन प्रो. यल. राधाकृष्णा द्वारा दिया गया । ''भास्करा के खगोल विज्ञान'' पर प्रो. एम.एस. श्रीराम ने आकर्षणीय व्याख्यान दिया । प्रो. वेंकटेशमूर्ति ने भास्कराचार्य के जीवन और कार्यक्षेत्र पर भाषण दिया । तदनंतर प्रो. पी.वी. अरुणाचलम ने भास्करा चार्य के ''ट्रिग्नोमेट्री एक नमूना पर वक्तव्य को प्रस्तुत किया । श्री पी.एस.एन. शास्त्री भास्कराचार्य को श्रद्धांजलि घटित किया । शाम का सत्र राष्ट्रीय संस्कृत के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा संपन्न हुआ ।

पाँचवाँ दिन : दिनांक 12 दिसंबर 2014

दिन का पहला व्याख्यान प्रो. बुस्नूरमुथ द्वारा ड्योफेण्टैन ईक्वेशनों तथा भास्कराचार्य की गणितीय शैली का एक संक्षिप्त सार को प्रस्तुत किया ।

डॉ. वेंकटराव ने भास्कराचार्य के कार्य के संदर्भ में गणितीय सौंदर्य पर वक्तव्य को प्रस्तुत किया ।

प्रो. एम.डी. श्रीनिवास ने ''सिद्धांत सिरोमणि और वासनाभ्यास - भारतीय शास्त्रीय खगोल विज्ञान'' पर व्याख्यान दिया गया ।

डॉ. राजेन्द्ररेड्डी, योग और तनाव प्रबंधन के योग प्रदर्शन कर कार्यशाला सत्र को संपन्न किया ।

प्रो. के. ई. देवनाथन, कुलपति, वैदिक विश्वविद्यालय, तिरुपति, प्रो. पी.वी. अरुणाचलम, पूर्व कुलपति, द्रविडियन विश्वविद्यालय, प्रो. सी. उमाशंकर, कुलसचिव, आर.एस. विद्यापीठ, तिरुपति, प्रो. राधाकांत ठाकुर, शैक्षिक संकाय प्रमुख और डॉ. वी. रमेशबाबू गणित विभाग के अध्यक्ष कार्यशाला के समापन समारोह में उपस्थित थे ।

ऋ. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा ''पूर्वी और पश्चिमी सौंदर्य सिद्धांत' पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी (पी.जी. डिप्लोमा - सौंदर्य शास्त्र में)

राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति पूर्वी और पश्चिमी सौंदर्य को लोकप्रिय बनाने के लिए पूर्वी और पश्चिमी सौंदर्यशास्त्र पर सिद्धांतों पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया । वैश्विक परिप्रेक्ष्य में तुलनात्मक सौंदर्यशास्त्र में पी.जी. डिप्लोमा अभिनव कार्यक्रम यु.जी.सी. द्वारा प्रायोजित हैं । इस कार्यक्रम को सहज तरीके से आयोजित किया गया था । पूरे भारत से 61 (इकसठ) प्रतिभागियों ने संगोष्ठी में भाग लेकर उनके बहुमूल्य पत्र प्रस्तुत किया । संकाय सदस्य, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के छात्र संगोष्ठी में सक्रिय रूप से भाग लिए थे ।

उद्घाटन :-

दिनांक 22-23 मार्च, 2015, पूर्वी और पश्चिमी सौंदर्य सिद्धांत पर राष्ट्रीय संगोष्ठी पर द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया । दिनांक 22 मार्च 2015 9.30 बजे सौंदर्यशास्त्र में पी.जी.डिल्पोमा सेल, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ में आरंभ किया गया । प्रो. हरेकृष्ण शतपथी, आर.एस. विद्यापीठ के कुलपति मुख्य अतिथि थे । उन्होंने दीप प्रज्वलन के साथ उद्घाटन समारोह का आरंभ किया । प्रो. शतपथी जी पूर्वी और पश्चिमी सौंदर्यशास्त्र के पहलुओं पर प्रकाश डाला उन्होंने दोनों साहित्य को एक सिक्के के दो पक्ष कहा । प्रो. विश्वनाथ राव, प्रख्यात वक्ता एवं शोधकर्ता ने सौंदर्यशास्त्र पर बीजभाषण दिया । उन्होंने पश्चिमी कविताओं को पूर्वी कविताओं के साथ तुलना किया था । प्रो. राधाकांत ठाकुर, शैक्षिक संकाय प्रमुख सम्माननीय अतिथि थे ।

प्रो. एस. सुदर्शनशर्मा, साहित्य एवं संस्कृति के संकाय प्रमुख राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह के अधय्क्ष थे । डॉ. राणी सदाशिव मूर्ति, सह आचार्य, साहित्य विभाग ने संचालन किया था । साहित्य विभाग के प्रो. सत्यनारायणाचार्य, संगोष्ठी तथा सौंदर्यशास्त्र में पी.जी. डिप्लोमा ने राष्ट्रीय संगोष्ठी का लक्ष्य एवं उद्देश्यों का उल्लेख किया । प्रो. सी.उमाशंकर, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के कुलसचिव ने धन्यवाद समर्पण किया ।

II. पाठ्यसहगामी गतिविधियाँ

(अ) वाग्वर्धिनी परिषद्

शैक्षिक वर्ष 2014-15 के लिए, वाग्वर्धिनी परिषद को 4.7.2014 को उद्घाटन किया गया । प्रो. अलेख चंद्र साडंगी, पूर्व कुलपति, श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, पुरी (उडीसा) समारोह के मुख/य अतिथि थे । प्रो. राधाकांत ठाकुर सम्माननीय अतिथि थे । राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के माननीय कुलपति प्रो.. हरेकृष्णशतपथी जी समारोह के अधय्क्ष थे । इस सुअवसर पर संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित थे । डॉ. सी. रंगनाथन - समन्वयक और डॉ. भरतभूषण रथ - सहसमन्वयक समारोह का आयोजन किया था ।

इस वर्ष वाग्वर्धिनी परिषद ने तेरह साप्ताहिक प्रतियोगिताओं के सत्र को सफलता पूर्वक संपन्न किया और छात्रों को संस्कृत बोलने के कुछ विशेष टिप्स बताया ।

विद्यापीठ के छात्र ने पूरे भारत में 10 विविध प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरस्कार और पदकों को जीत लिया था । हमारे छात्रों ने प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जो पुरस्कार जीते हैं । वे निम्न प्रकार हैं -

(1) जिला स्तरीय प्रतियोगिता, तिरुपति में - इस्कान में तीसरा स्थान - दिनांक 21-25 जुलाई 2014

(2) दिनांक 12-16 जनवरी, 2015 पुरी उडीशा के जय उत्सव में तीन पुरस्कार ।

(3) दिनांक 3-9 नवंबर 2014 विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, कालिदास समारोह में दूसरा स्थान ।

(4) दिनांक 26-27 फरवरी, 2015 राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ।

(5) दिनांक 24-26 दिसंबर, 2014 श्री वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में दूसरा स्थान ।

(6) दिनांक 21-24 मार्च 2015 राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नईदिल्ली - अखिल भारतीय शास्त्रार्थ स्पर्धा में दूसरा स्थान।

(7) दिनांक 27-30 जनवरी 2015 राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति आंध्रप्रदेश - अखिल भारतीय संस्कृत छात्र प्रतिभा महोत्सव में दूसरा स्थान ।

(8) माम्बलम संस्कृत विद्यालय, चेन्नई में शास्त्र प्रतियोगिता में पहला स्थान ।

(9) आंध्रप्रदेश के राज्य स्तरीय अंतर विश्वविद्यालय एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया ।

आयोजित कार्यक्रम :-

शैक्षिक वर्ष 2014-15 के दौरान वाग्वर्धिनी परिषद ने कई कार्यक्रमों का आयोजन किया था । कार्यक्रम विवरण निम्न प्रकार हैं -

(1) कालिदास जयंती के अवसर पर कालिदास काव्यपाठ प्रतियोगिता विद्यापीठ स्तर पर ।

(2) नवीं अखिल भारतीय संस्कृत छात्र प्रतिभा महोत्सव दिनांक 27-30 जनवरी, 2015

(3) द्वि दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सुशासन दिवस पर दिनांक 23-24 दिसंबर, 2014.

(4) सुशासन दिवसर पर भाषण, क्विज और साहित्यिक प्रतियोगितायाँ ।

(5) राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान में शास्त्रीय स्पर्धा, 53 वें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, दिनांक 26-27 फरवरी 2015.

(6) दिनांक 21 फरवरी 2015 को मातृभाषा दिवस समारोह ।

(7) मातृभाषा दिवस के दौरान विभिन्न मातृभाषाओं में साहित्य एवं सांस्कृतिक प्रतियोगितायाँ ।

(8) तिरुक्कुरल संदेश पर राष्ट्रीय संगोष्ठी दिनांक 7 मार्च 2015 ।

(9) वार्षिक दिवस के अवसर पर वार्षिक साहित्यिक प्रतियोगितायाँ ।

समापन :- हमेशा की तरह 27.03.2015 को वाग्वर्धिनी परिषद को आयोजित किया गया था । प्रो. हरेकृष्ण शतपथी, कुलपति एवं प्रो. राधाकांतठाकुर, शैक्षिक संकाय प्रमुख को आमंत्रित किया गया । विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कार तथा प्रमाणपत्रों से पुरस्कृत किया गया ।

(आ) मैक्स मुलर क्लब

मैक्स मुलर अंग्रेजी क्लब छात्रों के लाभ के लिए अंग्रेजी विभाग द्वारा चलाया जानेवाला एक स्वैच्छिक संगठन है । इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के लेखन तथा भाषण कौशलों में सुधार लाना । इस प्रयोजन हेतु अंग्रेजी के साप्ताहिक सत्र हर शनिवार को आयोजित किया जाता हैं जिनमें भाषण, लेखन, क्विज, वादविवाद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है । वर्ष 2014-15 के दौरान दिनांक 10 जुलाई 2014 को मैक्समुलर क्लब को माननीय कुलपति प्रो. हरेकृष्ण शतपथी द्वारा उद्घाटित किया गया । प्रो. राधाकांत ठाकुर सम्माननीय अतिथि थे । शैक्षिक वर्ष के पूरे तेरह सत्रों में 100 छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त किए । वर्ष 2014-15 के दौरान दिनांक 27 मार्च 2015 को मैक्समुलर क्लब का समापन समारोह का आयोजन किया गया । प्रो. हरेकृष्ण शतपथी, कुलपति मुख्य अतिथि थे और प्रो. राधाकांत ठाकुर सम्माननीय अतिथि थे । विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया । छात्रों में के. हरिबाबु आचार्य प्रथमवर्ष चैम्पियन और छात्राओं में बी.एससी. - द्वितीय वर्ष की छात्रा आर. श्रीहिता चैम्पियन थी । प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष का छात्र वाचस्पति मित्र को विशेष पुरस्कार प्राप्त हुआ था । डॉ. आर. दीप्ता समन्वयिका ने क्लब के विविध गतिविधियों का विवरणात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत की थी।

(इ) तुलसीदास हिंदी परिषद

वर्ष 2014-15 के दौरान 6.8.2014 को तुलसीदास हिंदी परिषद को उद्घाटित किया गया । प्रो. हरेकृष्ण शतपथी, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के कुलपति, पी.टी. चाँदे, पूर्व कुलपति, कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक, नागपुर मुख्य अतिथि थे ।

छात्रों में छिपी भाषण कौशलों को बाहर लाना ही इस परिषद का मुख्य उद्देश्य है । विविध प्रतियोगितायाँ - क्वीज, लेखन, भाषण, नाटक का आयोजन किया गया पूरे 10 सत्रों का आयोजन किया गया । विद्यापीठ के विविध विभागों के सदस्यों ने परिषद के निर्णायक पद को सुशोभित किया ।

वर्ष 2014-15 के दौरान 26.3.2015 को समापन समारोह का आयोजन किया गया । प्रो. एच.के. शतपथी, आर.एस. विद्यापीठ के कुलपति मुख्य अतिथि थे । प्रो. आर.के. ठाकुर, शैक्षिक संकाय ने समारोह की अध्यक्षता की और विभिन्न सत्रों के विजेताओं को इस अवसर पर पुरस्कारों से पुरस्कृत किया ।

(ई) अन्नमय्या साहित्य कलापरिषद

अन्नमय्य कला परिषद का आरंभ 30.7.2011 को तेलुगु विभाग में आरंभ किया गया । छात्रों में तेलुगु भाषण कौशलों को सक्षम बनाना परिषद का मुख्य उद्देश्य है ।

छात्रों में प्रतियोगिता स्तर को बढ़ावा देने के लिए प्राक-शास्त्री, शास्त्री, आचार्य स्तर तक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इसके साथ तेलुगु भाषा दिवस, कविताओं की शताब्दी उत्सव और विशेष व्याख्यान परिषद का मुख्य उद्देश्य है ।

वर्ष 2014-15 के दौरान 28.7.2014 को परिषद का उद्घाटन किया गया । प्रो. हरेकृष्ण शतपथी जी, कुलपति ने छात्रों को तेलुगु साहित्य में सक्षम होने के लिए खूब तेलुगु किताबों का पठन करने का संदेश दिया । डॉ. डी. नल्लन्ना, सहायक आचार्य समन्वयक हैं ।

वर्ष 2014-15 के दौरान 9 सत्र का आयोजन किए गए थे । उद्घाटन सत्र 3.8.2014 के दौरान प्राक्शास्त्री छात्रों के लिए दोस्ती का महत्व, शास्त्री छात्रों के लिए और तेलुगु भाषा का महत्व एवं आचार्य छात्रों के लिए श्रावण मास का महत्व का आयोजन किया गया । दिनांक 10.8.2014, 17.8.2014, 24.8.2014, 7.9.2014, 21.11.2014, 15.2.2015 और 22.2.2015 को प्राकशास्त्री, शास्त्री और आचार्य छात्रों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था । डॉ. जे.बी. चक्रवर्ती, डॉ. ए. चंदूलाल, डॉ. मुखरन्ना, डॉ. श्रीनिवास मूर्ति, डॉ. मल्लिका ने प्रतियोगिताओं के निर्णायक थे । डॉ. सी. रंगनाथन, श्री जी. लक्ष्मीनारायण और वी. सेतुराम ने भी अपने परिषद का सेवा किया था ।

दिनांक 21.3.2015 उगादी महोत्सव का आयोजन किया गया था । डॉ. आर. सदाशिव मूर्ति जी पंचांग का श्रवण किया था । प्रो. एच.के. शतपथी, कुलपति मुख्य अतिथि थे । प्रो. सी. उमाशंकर, कुलसचिव, और प्रो. एस. एस. शर्मा, साहित्य एवं संस्कृति के संकाय प्रमुख उपस्थित थे । कर्मचारी गण तथा छात्रों ने बहुत ही सक्रिय रूप से भाग लेकर कविताओं को सुनाया था ।

दिनांक 29.3.2015 को समापन समारोह के दिन विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए ।

(उ) सांस्कृतिक कलापरिषद

सांस्कृतिक कला परिषद् का उद्देश्य विद्यापीठ के छात्रों में सांस्कृतिक कला, ज्ञान को विकसित करना है। इस वर्ष भी स्वतन्त्रता दिवस, संस्कृत सप्ताह समारोह, गणतंत्र दिवस और अखिल भारतीय संस्कृत प्रतिभा उत्सव आदि में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। डा. आर. सदाशिव मूर्ति इस परिषद के संयोजक थे।

(ऊ) प्रयोजनमूलक संस्कृत :

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा संस्थापित यह प्रयोजनमूलक संस्कृत पाठ्यक्रम नोडाल केंद्र

विश्वविद्यालय में चलाया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम के केंद्र द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाता है और अलग-अलग प्रयोजनमूलक संस्कृत विषयों पर समयानुसार संगोष्ठियों का आयोजन तथा राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण ज्ञान का विकास किया जाता है । इस केंद्र में आडियो दृश्य प्रयोगालय एवं ग्रंथालय है । यह केंद्र यज्ञ एकाग्रता, वैदिक संस्कार आदि पर आडियो-विडियो प्रलेखन आदि बनाया गया है। इस केंद्र द्वारा वैज्ञानिक आवरण से प्राक्-शास्त्री एवं शास्त्री छात्रों के लिए नियमित अध्यापन चलाया जाता है । यह प्रयोजनमूलक संस्कृत इकाई में अर्चकत्वं और पौरोहित्य में प्रमाण-पत्र डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाया जाता है।

(ऋ) सेतु पाठ्यक्रम

विद्यापीठ में विभिन्न कार्यक्रमों में भर्ती लिए छात्रों के लिए सेतु पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया । वर्ष 2014-15 के शैक्षिक सत्र के लिए 3-7-2014 से 10-7-2014 तक आयोजित किया गया । 200 से अधिक संख्या में विभिन्न शास्त्रों से अर्थात् साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष्य, धर्मशास्त्रा, वेदांत, विशिष्टाद्वैत वेदांत, द्वैत वेदांत, मिमांसा, पुराण के विभाग छात्र सेतु पाठ्यक्रम में भाग लिए थे । हमारे विद्यापीठ के प्रोफेसर को ही नहीं बल्की बाहर से भी विभिन्न विषयों के विद्वानों को आमंत्रित किया गया । प्रो. सत्यनारायणाचार्य, असाहित्यविभाग, और डॉ. ए. सच्चिदानन्दमूर्ति, सहायक आचार्य, शिक्षाविभाग समन्वयक और सह समन्वयक थे । इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए छात्रों को विविध शास्त्र - साहित्य, दर्शना, कंप्यूटर, व्याकरण, शिक्षा शास्त्र और अंग्रेजी में अध्ययन को सुविधाजनक बनाने के लिए किया गया है।

(ए.) प्रो. एम.एम. पट्टाभिरामशास्त्री जी प्रथम कुलाधिपति के स्मृति में विस्तार व्याख्यान शृंखला :-

प्रो. महामहोपाध्याय पट्टाभिरामशास्त्री, मिमांसा एवं साहित्य के महान विद्वान तथा विद्यापीठ के प्रथम कुलाधिपति के योगदान पर पट्टाभिरामशास्त्री व्याख्यानमाला का शुरूआत किया । इस योजना के तहत कई प्रख्यात विद्वानों को आमंत्रित किया और संस्कृत साहित्य एवं भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान देने के लिए अनुरोध किया । प्रतिवेदन के तहत वर्ष के दौरान पट्टाभिरामशास्त्री व्याख्यानमाला को राघवेंद्रमठ, मंत्रालय के परमपूज्य श्री श्री श्री सुबुदेन्द्र तीर्थ स्वामीजी द्वारा उद्घाटित किया गया । दीपप्रज्वलन करते समनय स्वामीजी ने विद्यापीठ परिवार को आशिर्वचन दिए थे । वाचस्पति डॉ. वादिराज पंचमुखी, पूर्वकुलाधिपति मुख्य अतिथि थे । कुलपति प्रो. हरेकृष्ण शतपथी जी ने उद्घाटन सत्र का अध्यक्ष थे । डॉ. ए.वी. नागसंपिगे, निर्देशक, पूर्णप्रज्ञसम्शोधना मंदिरम, बंगलूर ने 22-7-2014 को 'साक्षी प्रामाण्यम्' पर पहला व्याख्यान दिया था ।

III. पाठ्येतर गतिविधियाँ

(अ) खेलकूद प्रतियोगिता

वर्ष 2014-15 के सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश पूरा होने के बाद सभी छात्र-छात्राओं को हर रोज सुबह 6 बजे से 7:00 बजे तक प्रशिक्षण हेतु मैदान में उपस्थित रहने की सूचना दी जाती है। यह कार्यक्रम हर साल चलाया जाता है ताकि छात्र दक्षिण अंचल अंतर विश्वविद्यालय स्पर्धा और अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय स्पर्धाओं को खेलने हेतु तैयार रहे। उसके बाद मुक्त व्यायाम हेतु सभी छात्र-छात्रोओं को इंडोर सभांगण में अलग-अलग खेलों का परिचयात्मक तैयारियाँ करवायी जाती है। ताकि विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जीत हासिल करें।

इंडोर सभांगण सुबह 6:00 बजे से 8: 00 बजे तक और 3:00 बजे से 7:00 बजे तक शाम में खुला रहता है। ताकि विद्यापीठ से सभी कर्मचारी और छात्र अलग-अलग खेल उपकरणों से भरपूर फायदा उठाएं ।

खेलों में भाग लेने हेतु छात्रों को बहुविध व्यायाम शाला में जो निरन्तर व्यायाम कर अपने चित को खेलों में दौडता है उसी को अंतर विश्वविद्यालय खेलो में चुना जाता है। इसके बाद दो माह तक उन छात्रों को नापा जाता है। उसके बाद उसको वार्षिक खेलों के सम्बन्ध में चुना जाता है। जो चुने जाते है वें छात्र अखिल भारतीय और अखिल विश्वविद्यालय खेलों में खेलने योग्य होते है । उन्ही को ज्यादा तैयार भी किया जाता है ।

अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता

1. अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता -

अखिलभारतीय अंतर विश्वविद्यालय बालबैडमिंटन प्रतियोगिता (पुरुष) दिनांक 20 से 24 दिसंबर 2014 तक एस.आर.एम.विश्वविद्यालय, चेन्नई, तमिलनाडु में आयोजित किया गया था । 8 छात्रों की एक टीम डा. सी. गिरिकुमार प्रभारी खेल सचिव शारीरिक शिक्षा विभाग, आर.एस. विद्यापीठ, तिरुपति के मार्गदर्शन में भाग लिया था । (1) वी. पवन (बी.एड) (2) सी. साई संतोष (आ-1) (3) के. ब्रह्मय्या (आ-1) (4) डी. काशी विश्वनाथ (शा-111) (5) पी. साई कुमार (शा-11) (6) डी. श्रीनिवास राव (शा-1) (7) टी. रामबाबू (शा-11) (8) एस. जमाल भाषा (पीएच.डी.) - प्रतिभागी थे ।

2. अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय एथलटिक प्रतियोगिता (पुरुष और स्त्री)

राजीव गाँधी विश्वविद्यालय स्वास्थ्य विज्ञान द्वारा दिनांक 15 से 20 जनवरी 2015 को अल्वारकी शिक्षा फाउण्डेशन मूडाबिद्री, मंगलूर, कर्नाटक में आयोजित किया गया था । 6 छात्रों का एक दल डा. सी. गिरिकुमार प्रभारी खेल सचिव शारीरिक शिक्षा विभाग, आर.एस. विद्यापीठ, तिरुपति के मार्गदर्शन में भाग लिया था । (1) नितय बेरा (एम.ए.2) (2) राजेश कुमार (एम.ए. - 1) (3) कृष्ण गोपाल पाठक (शा-3) (4) राजु लाल माली (शा.3) (5) मूलचंदशर्मा (शा.2) (6) के. रेड्डय्या रेड्डी (बी.एससी.2) - प्रतिभागी थे ।

दक्षिण-अंचल अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताएँ -

1. दक्षिण-अंचल अंतर विश्वविद्यालय वालीबाल (पुरुष) प्रतियोगिता - कृष्णा विश्वविद्यालय, मछिलीपट्नम द्वारा पी.बी. सिद्धार्थ कालेज, विजयवाडा, आंध्रप्रदेश में दिनांक 8 से 12 अक्टूबर 2014 तक आयोजन किया गया । 8 छात्रों का एक दल भाग लिया था । (1) नागराजु (आ.1) (2) दिलीप कुमार आचार्य (आ.2) (3) बत्तुल श्रीनिवास राव (आ.2) (4) रजत कुमार नायक (आ.2) (5) हरिपाद बेरा (आ.2) (6) पुन्नमकृष्ण (सा.2) (7) अर्जुन मण्डल (शा.1) (8) मिलन बनचूर (शा.1) - प्रतिभागी थे ।

2. दक्षिण-अंचल अंतर विश्वविद्यालय शतरंग (पुरुष और स्त्री) प्रतियोगिता -

दिनांक 14 से 19 अक्टूबर 2014 वी.आई.टी. विश्वविद्यालय वेलूर, तमिलनाडु द्वारा आयोजित किया गया था । पाँच छात्रों का एक दल भाग लिया था । (1) सुनीला एस (आ.1) (2) पी. हरीष बाबू (शा.3) (3) डी. दुर्गा प्रसाद (बी.एड.) (4) एस. लक्ष्मी सुधाकर (बी.एड.) (5) अयाचित शंतनू (आ.2) (6) आर. श्रीधर (आ.2)

3. दक्षिण-अंचल अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट (पुरुष) प्रतियोगिता -

अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई द्वारा जे.जे. कालेज इंजनीयरिंग एवं तकनीकी, तिरुचुरापल्ली, तमिलनाडु में दिनांक 17 से 26 नवंबर 2014 तक आयोजित किया गया । 14 छात्रों का एक दल भाग लिया था जो निम्न प्रकार है - (1) ए. राकेश (एम.फिल.) (2) मणिभद्र (एम.फिल.) (3) अजित कुमार साहु (एम.फिल.) (4) पंकज उपाध्याय (आ.2) (5) ओबय्या (आ.2) (6) के. दुर्गा प्रसाद (आ.1) (7) आर. श्रीकांत भाषा (आ.1) (8) श्रीकांत जेना (आ.1) (9) शिवादित्य (आ.1) (10) एस. महेश (आ.1) (11) के. वंशीकृष्णा (आ.1)

4. दक्षिण-अंचल अंतर विश्वविद्यालय फुटबाल (पुरुष) प्रतियोगिता -

केलिकट विश्वविद्यालय केरला द्वारा दिनांक 13 से 22 दिसंबर, 2014 तक आयोजित किया गया था । 12 छात्रों की एक दल भाग लिया था । (1) अजित कुमार साहु (एम.फिल.) (2) व्यासखान के.बी. (आ.1) (3) प्रभात कुमार पण्डा (शा.1) (4) बिश्वजीत तपनो (शा.2) (5) नरेश कुमार गडत्या (शा.2) (6) बेसिल कुजुर (शा.2) (7) रमाकांत साहु (शा.2) (8) सुरेंद्र कुमार (शा.1) (9) बिक्रम साहु (शा.1) (10) झंकटेश्वर प्रधान (शा.1) (11) प्रताप कुजुर (शा.1) (12) पेमा शेरिंग (शा.1) - प्रतिभागी थे ।

5. दक्षिण-अंचल अंतर विश्वविद्यालय कब्बड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता -

वेलस विश्वविद्यालय, चेन्नई, तमिलनाडु द्वारा दिनांक 20 से 24 दिसंबर, 2014 तक आयोजित किया गया था । 10 छात्रों की एक दल भाग लिया था । (1) उमा नरसिंह मूर्ति (एम.फिल.) (2) सी. श्रीकांत (आ.2) (3) टी. रामगंगय रेड्डी (आ.1) (4) वेन्नं सुरेश (आ.1) (5) आर. श्रीकांत भाषा (शा.1) (6) जे. जनार्धन (शा.1) (7) बि. गणपति (शा.3) (8) पी. कृष्णा (शा.3) (9) ओ. साम्बशिवराव (शा.2) (10) एम. कृष्णाराव (शा.2) - प्रतिभागी थे ।

(आ) राष्ट्रिय सेवा योजना -

विद्यापीठ रा.से.यो.का उद्देश्य में निस्वार्थ सेवा मनोभावों का निर्माण करना है। विद्यापीठ में पाँच रा.से.यो.इकाइयाँ है। चार लडको के लिए एक इकाई लडकियों के लिए । रा.से.यो. कार्यक्रम वर्ष 2014-15 के लिए विद्यापीठ छात्रों के नामांकन के साथ शुरु किया गया। सभी रा.से.यो.इकाईयों द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रत्येक इकाई में 100 स्वयं सेवको को वर्ष 2014-15 के लिए रा.से.यो.के अंतर्गत दर्ज किया गया। इस प्रकार विद्यापीठ ने रा.से.यो. के पाँच इकाईयों में 500 स्वयं सेवको को एकत्रित किया ।

उद्देश्य - विद्यापीठ रा.से.यो.इकाइयाँ अपने सेवाओं से समाज के कई लोगों के जीवन में बदलाव लाने को प्रेरित करता हैं।

रा.से.यो. कार्यक्रम-विशेष शिबिर -

विद्यापीठ के सभी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों ने एक प्रकार से जादू सा बदलाव लाना चाहता है । रा.से.यो. एक ऐसा मंच है जो समाज की सेवा करता है। और कई चेहरों पर मुस्कान ला दें । समाज के लिए एक प्रकार सा त्यौहार सा निर्माण करना चाहते हैं। जहाँ पर अपनी चालाकियों को उजागर कर सकें । यह कोई आसान काम नहीं है फिर भी आगामी वर्षों के लिए विरासत में काम आ सकें ।

इकाई सं	कार्यक्रम अधिकारी	विशेष शिबिर जिन गाँवों को अपनाया	स्वयं सेवकों की संख्या
1.	डा. भरत भूषण रथ	मामंडूर (गाँव)	50
2.	डॉ. परामिता पण्डा	नडिमपल्ली	50
3.	डॉ.जे.बी.चक्रवर्ती	कंदुलवारिपल्ली	50
4.	डॉ. ए. सच्चिदानंद मूर्ति	नारावारिपल्ली	50
5.	डॉ. सी. गिरिकुमार	गुरप्पगारिपल्ली	50

सामाजिक तथा आर्थिक प्रतिकूल स्थितियों को दृष्टि में रखते हुए विद्यापीठ रा.से.यो.इकाइयों ने चित्तूर जिला के उपरोक्त पिछडे गाँवों में जागरुकता लाने हेतु चुना था। रा.से.यो.लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में स्वयंसेवको ने 7 दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया । पहले तीन विशेष शिबिर दिनांक 14 से 20 दिसम्बर तक चलाया गया। अगले दो इकाइयाँ अर्थात् 4 और 5 वीं इकाइयाँ दिनांक 28 फरवरी, 2013 से 6 मार्च 2013 तक विशेष शिबिर चलाया गया। रा.से.यो.के संयोजक और कार्यक्रम अधिकारियों के नतृत्व में शिबिरों को प्रभावपूर्ण डंग से आयोजित किया था । निम्न योजनाओं द्वारा चुने हुए गाँवों में विकास लाया ।

सर्वे - रा.से.यो. के संयोजनाधिकारी के आदेशानुसार सभी छात्र सदस्यों को गाँव में घूमकर मुफ्त सर्वे किया गया। एक-एक घर जाकर उनको सरदार द्वारा प्राप्त सुविधाएँ, शिक्षा व्यवस्था, गैर सरकारी सुविधा आदि की जानकारि और आरोग्य संबधि जानकारी भी ली गई थी। उसके बाद हम अपनी ओर से कुछ बदलाव लाने हेतु नए विचार प्रकट करते हैं। यह सुनकर गाँव का सरपंच और विद्यालय मुख्याध्यापक सभी काफी प्रभावित हुए थे ।

श्रमदान - स्कूल और गाँव के चारों तरफ साफ सफाई की। खेल मैदान साफ कर उसका एक आकार भी दिए थे ।

हमने अलग-अलग तरह के 25 प्रकार पौधों का रोपन किया । स्कूल के चारों ओर बीज रोपण कर काफी सुंदर बनाया। स्कूल भवन को चूने से लेपन कर सफेद बनाया। इसके लिए स्कूली बच्चों और ग्रामीण से रा.से.यो.इकाईयों के सदस्यों की काफी प्रशंसाये प्राप्त हुई थीं।

गाँववालो से नाटक - समूह के सदस्यों ने स्कूल के वातावरण पर तेलुगु भाषा में एक नाटक का आयोजन किया। उसमें महिला शिक्षा संबंधी महत्व दिया गया था । तंबाकु सेवन से होने वाली हानि, शराब लेने से होने वाली बुराई पर प्रकाश डाला। इससे गाँव वाले बहुत प्रभावित हुए। हमारे सामने गाँव वालों ने यह निर्णय लिया कि शराब और धूमपान सेवन नहीं करेंगे।

आपदा प्रबंधन -बाढ और अकाल जैसे अलग-अलग परिस्थितियों का मुकाबला करना तथा आपदाओं से जीवन को कैसे बचाया जाए, इस पर एक उपयोगी व्याख्यान दिया गया। झूठी परिस्थितियों में कर्तव्यों का बोध करवाया गया। विविध आधुनिक और जीवत तकनीकों से गाँववालों को गतिविधियों का संचालन करना सिखाया ।

साक्षारता कार्यक्रम -रा.से.यो.स्वयं सेवको ने गाँवों में घूमकर स्कूल आयु के बच्चों और उनके अभिभाषकों को एक स्थान पर एकत्रित किया। उनको बालाश्रम द्वारा होने वाली हानियाँ और शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। बच्चों के माता-पिता ने व्याख्यानों से प्रभावित होकर बच्चों को पास वाले स्कूल में भर्ती करवाया। यह एक मुश्किल काम था। लेकिन हम ने इसे आसान तरीके से पूरा किया ।

संस्कृति और जागरूकता कार्यक्रम :

इस वर्ष विद्यापीठ ने ग्रामीणों को नए विचारों से उत्तेजित की सोच से व्याख्यानों करने और भारतीय विरासत तथा संस्कृति पर नाटक जैसे पुराणों का प्रवचन, सनातन धर्म में सांप्रदायिक सद्भाव को अपनाया ।

स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों में ए.आई.डी.एस. और उसकी जटिलताओं, नियंत्रित करने के लि, इस खतरनाक प्रभावित सिंड्रोम से सावधानी से जीवन व्यतीत करने की जागरूकता का सर्वश्रेष्ठ तरीकों से प्रयास की ।

पर्यावरण जागरुकता -

* ग्रमामीणों को पर्यावरण प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और वृक्षारोपण के महत्व के बारे में बताया गया ।
* शौचालय उपयोग और उन्हे एवं घर और परिस प्रांतो को साफ सुथरे तरीके से रखने में अभ्यसिव करना ।
* गाँवों में मंदिरों को साफ करने चूने से लेपन कर सफेद बनाया तथा मंदिरों को एक नया रूप दिया ।
* सदस्य गाँव के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों के काँलनियों के जाकर प्रथमचिकित्सा, परिसर नियोजन, विभिन्न संक्रमकरोंगों जैसे (मलेरिया टाइफाइड आदि) और रोगाणु रोकथाम पर व्याख्यान दिया। एड्स संबन्धी जानकारी भी दी गई थी ।
* बच्चों के लिए 'संस्कत पढो' शिबिर कार्यक्रम का आयोजन किया ।
* दूसरी ओर कार्यक्रम अधिकारियों और सदस्यों ने गाँव वालों को धर्म और मूल्य प्रणाली तथा संरक्षण पर व्याख्यान दिए। इसके लिए सभी की ओर से रा.से.यो.इकाइयों को अच्छी प्रशंसा प्राप्त हुई ।

✔ रक्तदान शिबिर राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ में 30 मार्च 2014 को आयोजित किया गया । रक्तदान से मानव जीवन की बचाव का शिक्षण छात्रों को दिया गया । उन में से करीबन 50 व्यक्तियों ने 125 इकाइयों की रक्त दान किया जो श्री वेंकटेश्वर आयुर्विज्ञान संस्था द्वारा सराहना की गई ।

एक दिन शिबिर -

एक दिन शिबिर कार्यक्रम भी रा.सं.वि.परिसर प्रांत में आयोजित की जाती है । 45 एकड भूमि पर विभिन्न इमारतों जैसे पुस्तकालय, शैक्षिकभवन, छात्रावास, प्रशासनिक भवनों का निर्माण किया गया । एक बडा मैदान भी है जिसमें नियमित से रा.से.यो कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। इन इकाइयों ने पुस्तकालय परिसर प्रांत में स्वच्छता एवं हरा भरा पौधों का रोपण करवाया । इन इकाइयों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम सूचीबद्ध है -

कंकडे और पत्थरों को निकालकर बैडमिंटन, वॉलीबाल, और खो खो मैदान को समतल बनाया तथा क्रिकेट पिच को सीधा किया ।

* राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भव से संबंधित एन.एस.एस. सेल तिरुपति में एक बडी रैली के साथ कुलसचिव, प्रो. हरेकृष्ण शतपथी द्वारा उद्घाटित किया तथा एकत्रित राशि भेजी गई ।
* दिनांक 24 फरवरी 2014 श्री अर. गोकुल कृष्ण, युवा अधिकारी और प्रधान के की उपस्थिति में विद्यापीठ के स्वयं सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने राष्ट्रीय युवा नीति कार्यक्रम में भाग लिया । इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने रैली कार्यक्रम में भाग लिया ।

संकाय सदस्यो द्वारा संगोष्ठियों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं और विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों में भागीदारी-

आचार्य (प्रो.) एस्. एस्. मूर्त्ति :

(१) २०१५ मार्च २३ से २६ तक श्री श्रृङ्गेरी शारदापीठ सपरकरा, अद्वैतवेदान्त सभा,क्रिमेलता, पश्चिम गोदावरी (जिला) आन्ध्रप्रदेश द्वारा आयोजित विद्वत् सम्मेलन में भाग लिये ।

(२) २०१४, सितम्बर ८ से सितम्बर ११ तक श्री श्री जगद्गुरु शंकराचार्य महासंस्थानम्, दक्षिणामनय श्री शारदापीठम्, श्रृंगेरी द्वारा आयोजित श्री महागणपति व्याख्यार्थ विद्वत् सभा में भाग लिये ।

आचार्य (प्रो.) आर्. एल्. नसिंह शास्त्री

(१) २०१४ दिसंबर से दिसंबर ३ तक एस. जी. एस. वेदनिधि अकादमी मास्टर्स इन्सिट्यूट, अवदूल दत्तपीठम्, मैसूर और महर्षि संदीपनी राष्ट्रीय वेद विद्याप्रतिष्ठानम्, उज्जैनी से मिलकर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में लक्ष्य-लक्षण समन्वय के वेदवेदांगों से संबंधित "स्वर उच्चारण" विषय पर अतिथि वक्ता के रूप में भाषण दिये ।

आचार्य (प्रो.) जे. रामकृष्ण

(१) २०१५ मार्च २३ से मार्च २५ तक श्री श्रृंगेरी शारदापीठ सपरकरा, प्रिमेषला, पश्चिम गोदावरी (जिला), आन्ध्रप्रदेश द्वारा आयोजित विद्वत् सम्मेलन में भाग लेकर प्रपत्र प्रस्तुत किया ।

(२) २०१४ अक्तूबर १३ से १५ तक एस. वी. वेद विज्ञानपीठम्, धर्मगिरि, तिरुमला द्वारा आयोजित २६ वाँ श्रीवेंकटेश्वर वेदशास्त्र आगम विद्वत् सम्मेलन में व्याकरण उत्तर भाग के परीक्षक के रूप में भाग लिये ।

डॉ. एन. आर. आर. ताताचार्य :

(१) २०१५ मार्च २३ से २५ तक श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, श्रीविहारी, पुरी, ओडिस्सा, यू. जी. सी. के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रपत्र प्रस्तुत किया गया ।

श्री यशस्वी :

(१) २०१४ , दिसंबर ३० से २०१५ जनवरी ४ तक गौहती विश्वविद्यालय, गौहती (असम) के द्वारा आयोजित ४७ वाँ अखिल भारतीय प्राच्य सम्मेलन में भाग लेकर प्रपत्र प्रस्तुत किया ।

आचार्य (प्रो.) ए. श्रीपाद भट्ट

(१) दिनांक १० और ११ जुलाई २०१४ को राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नईदिल्ली के गोपनीय कार्यक्रममें भाग लिये ।

(२) दिनांक १२ और १३ मार्च २०१५ को श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, श्रीविहार, पुरी में आयोजित ज्योतिषविज्ञान सम्बन्धी सभा में भाग लिये ।

(३) १७ दिसंबर २०१४ को इंडियन इन्स्टूट ऑफ आस्ट्रोफिसिक्स, बेंगलोर द्वारा भास्कराचार्य नामक विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लेकर "गोलाध्याया" नामक शीर्ष पर भाषण दिये ।

प्रो. वी. उन्निकृष्ण नपियातिरी

(१) दिनांक १८ और २० मार्च २०१५ को केरल विश्वविद्यालय पलायम में आयोजित संस्कृत विशेष ज्योतिष जून् २०१५ प्रश्नपत्रों (बी. ए. CBCS) की तैयारी में भाग लिये ।

(२) दिनांक ५ और ६ फरवरी २०१५ को सरकारी संस्कृत महाविद्यालय, तिरुवनंतपुरम्, केरल में मेडिकल आस्ट्रोलाजी नामक विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिये ।

(३) दिनांक ५ से ७, २०१४ तक केरल विश्वविद्यालय पलायम, तिरूवनंतपुरम् में आयोजित स्नातक स्तर के प्रश्न पत्रों मे समिति सदस्य के रूप में भाग लिये ।

डॉ. सितांसु भूषण पण्डा

(१) स्नातकोत्तर विभाग, धर्मशास्त्र, श्रीजगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, श्रीविहार, पुरी, ओडिस्सा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "समाजे स्मार्तधर्मेषु गुणधर्मस्य महत्त्वम्" नामक विषय पर प्रपत्र प्रस्तुत किया ।

डॉ. निरंजन मिश्र

(१) २०१४ जुलाई ७ से १० तक OTV ओडिस्सा दूरदर्शन लिमिटेड, पुरी मे रथयात्रा, बाहुडा यात्रा आदि कार्यक्रमों में व्याख्याता के रूप में का किया ।

(२) दिनांक ६ और ७ अप्रैल २०१५ को श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, पुरी द्वारा वेद/कर्मकांड नामक विषय के लिए प्रश्न-पत्रों की समिति सदस्य के रूप में भाग लिये ।

(३) उत्कल पीठ और राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ तिरुपति के तत्त्वावधान में श्रीजगन्नाथ संस्कृत सुरक्षा वाहिनी के भगवान जगन्नाथ मंदिर के आंगन में आयोजित द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिये ।

प्रो (श्रीमती) आर. जे. रमाश्री :

(१) दिनांक ४ जुलाई २०१४ को श्रीवेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, तिरुपति के कंप्यूटर विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन (NCDMA-2014) में भाग लेकर "इन्ट्रडक्शन टु कंप्यूटर्स स्पीच एण्ड लैंग्वेज प्रोसेसिंग" नामक विषय पर भाषण दिये ।

(२) दिनांक २० जून २०१४ को श्री कृष्णदेवराय विश्वविद्यालय अनंतपुरम् के कंप्यूटर विभाग द्वारा आयोजित एम. सी. ए. VI सेमिष्टर प्रायोजन की मौखिकी परीक्षक के रूप में भाग लिये ।

(३) दिनांक १३ जुलाई २०१४ को श्रीविद्यानिकेतन इंजनीयरिंग महाविद्यालय, रंगमपेट, एम. सी.ए. VI सेमिष्टर छात्रों के प्रायोजन कार्यक्रम के अंतर्गत मौखिकी बाह्यपरीक्षक के रूप में रहे ।

(४) दिनांक २५ और २६ मार्च २०१५ को केन्द्रीय विद्यालय तिरुपति और केन्द्रीय विद्यालय वेंकटगिरि के अंशकालिक अध्यापकों की चयन समिति के सदस्य के रूप में भाग लिये ।

(५) दिनांक १९ और २० अगस्त २०१४ को भारतीयार विश्वविद्यालय, कोयंबत्तूर, कंप्यूटर विभाग द्वारा आयोजित पी.एच.डी. मौखिकी में बाह्यपरीक्षक के रूप में भाग लिये ।

(६) दिनांक २ सितंबर २०१४ को विक्रमसिंहपुरी विश्वविद्यालय, नेल्लूर के कंप्यूटर विभाग द्वारा आयोजित एम. सी. ए. II और IV सेमेष्टर के बाह्यपरीक्षक (मौखिकी) के रूप में भाग लिये ।

(७) श्री चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती विश्वमहाविद्यालय, काँचीपुरम्, तमिलनाडू में पी.एच.डी. के शोधार्थियों के लिए मौखिकी का आयोजन और परीक्षक के रूप में भाग लिये ।

(८) सरकारी महिला महाविद्यालय, मदनपल्ली में आयोजित ३१ वार्षिकोत्सव में विशेष अतिथि के रूप में भाग लेकर भाषण दिये ।

डॉ. श्रीधर

(१) योगिवेमन विश्वविद्यालय, कडपा में दिनांक १३ अगस्त २०१४ को एम.सी.ए. II सेमेस्टर छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया ।

(२) दिनांक २७ मार्च २०१५ को केन्द्रीयविद्यालय-२ सी. आर. एस, तिरुपति के अंशकालिक अध्यापकों के चयन में विषय विशेषज्ञ के रूप में भागलिये ।

(३) श्रीवेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय, तिरुपति में कंप्यूटर साइन्स और कंप्यूटर अप्लिकेशन विषय में परीक्षक के रूप में भाग लिये ।

(४) श्रीवेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, तिरुपति के स्ख्याशास्त्रविभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भागलिये ।

(५) डा. वी. एस. कृष्ण, सरकारी महाविद्यालय, विम्खपटनम्, में आयोजित (CAMCAT 2014) में भाग लेकर प्रपत्र प्रस्तुत किया गया ।

डॉ. ए. चन्दुलाल

(१) दिनांक १७ फरवरी से २१ फरवरी २०१५ तक काकतीय विश्वविद्यालय, वारंगल, तेलंगाणा के गणित विभाग के द्वारा आयोजित (ICOVP-2015) में भाग लेकर प्रपत्र प्रस्तुत किया गया ।

प्रो. पी. टी. जी. वाई. संपतकुमाराचार्युलु

(१) श्री श्री श्री त्रिदंडी चिन श्रीमन्नारायण रामानुज जीयर स्वामी, सीतानगरम्, विजयवाडा के आश्रम में आयोजित उभय वेदान्त पंडित सभा में भाग लेकर प्रवचन प्रस्तुत किया गया ।

प्रो. एम. एल. नरसिंहमूर्ति

(१) २०१४, जून १६ से १८ तक राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, राजीवगाँधी क्याम्पस, श्रृंगेरी में "शोध प्रद्धति, हस्तलेखन और शास्त्रानुशीलन" नामक विषय पर आयोजित कार्यशाला में भाग लिये ।

(२) २०१४ जून ३० से जुलाई ४ तक इस्कान बेंगलोर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भागलिये ।

(३) २०१४ जुलाई १६ से १८ तक श्री रमेशंखरा प्रसाद, बेंगलोर द्वारा आयोजित "वेदान्त चिन्तन गोष्ठी" नामक संगोष्ठी में भाग लिये ।

(४) दिनांक मार्च २०१५ को गोकले इन्स्टूट ऑफ पब्लिक अफैर्स, बेंगलोर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में "विद्यामया स्वामीगलु जीवमुक्ति विवेषाहा ओंदु अवलोकन" पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया ।

(५) श्री श्री जगत्गुरु शंकराचार्य महासंस्थानम्, दक्षिणामान्य श्रीशारदापीठ, श्रृंगेरी में दिनांक २६ जनवरी २०१५ को १२० वाँ वार्षिकोत्सव (अमृतमहोत्सव) में भाग लिये ।

(६) २०१४ दिसंवर २२ से २४ तक राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, श्रृंगेरी में आयोजित सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रम (यूथ फेस्टिवल्स ऑफ इंटर कालेजस) में जज के रूप में रहे ।

प्रो. एम. एस. एस. शर्मा

